26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025
अंक- 49 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

# इंडिगो के चार फ्लाइट इंस्पेक्टर सस्पैंड

## कल हुई थी सीईओ एल्बर्स की पेशी



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते कुछ दिन से अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। रोजाना लगभग 2300 फ्लाइट्स ऑपरेट करने वाली और घरेलू एविएशन मार्केट में 60 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इस एयरलाइन का मार्केट कैप मौजूदा संकट के बाद करीब 21,000 करोड़ रुपये तक घट चुका है। इसी बीच इंडिगो के परिचालन में उपजे संकट के 11वें दिन नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत डीजीसीए ने चार फ्लाइट इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

डीजीसीए ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है, जब गुरुवार को ही इंडिगो ने हालिया संकट से प्रभावित हुए यात्रियों के लिए रिफंड के बाद अब अतिरिक्त मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं गुरुवार को ही दूसरी बार इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स डीजीसीए के समक्ष पेश हुए। बता दें कि इंडिगो ने आज बंगलूरू एयरपोर्ट से 54 उड़ानें रद्द कीं, जिनमें 31 आगमन और 23 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बंगलूरू से 200 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी थीं। हालांकि दूसरी ओर डीजीसीए ने इंडिगो संकट के बीच अपनी जांच तेज कर दी है। अधिकारी एयरलाइन के मुख्यालय पर तैनात हैं और संचालन पर नजर रख रहे हैं। जांच समिति में जॉइंट डायरेक्टर जनरल संजय ब्रह्माने, डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित गुप्ता, वरिष्ठ एफओआई कपिल मंगलीक और एफओआई लोकेश रामपाल शामिल हैं। समिति का काम इंडिगो में बड़े पैमाने पर संचालन में हुई गड़बड़ी के कारणों की पहचान करना है। समिति एयरलाइन के मानव संसाधन योजना, फ्लक्कुएटिंग रोस्टर सिस्टम और पायलटों के नये ड्यूटी पीरियड और रेस्ट नियमों के पालन की भी समीक्षा करेगी, जो एक नवंबर से लागू हुए हैं। ऐसे में डीजीसीए ने पूरी तरह से साफ किया है कि एयरलाइन संचालन में खामियों की जड़ तक पहुंचने के लिए सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी।

गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हालिया संकट से प्रभावित हुए यात्रियों के लिए रिफंड के बाद अब अतिरिक्त मुआवजे का ऐलान किया है। हालांकि, यह राहत सिर्फ कुछ चुनिंदा यात्रियों को ही मिलेगी। इंडिगो ने कहा है कि अगर यात्रियों ने अपने टिकट किसी ट्रैवल पार्टनर प्लेटफॉर्म से लिया है तो उनके रिफंड के लिए सारी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि, एयरलाइन के पास सिस्टम में ऐसे यात्रियों की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में वे यात्री इंडिगो की ईमेल आईडी- customer.e& perience@goindigo.in पर जानकारी दे सकते हैं। हम उनकी सहायता जारी रखेंगे। इंडिगो ने आगे कहा कि 3, 4 और 5 दिसंबर को हमारे साथ यात्रा करने वाले लोगों का अनुभव खराब रहा और वे कई घंटों तक एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। इनमें से कई लोग जबरदस्त भीड़ की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुए। हम ऐसे प्रभावित यात्रियों को 10 हजार रुपये के ट्रैवल वाउचर मुहैया कराएंगे। ये ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने में इंडिगो के साथ किसी भी यात्रा में इस्तेमाल किए जा सकेंगे।

# नहीं रहे शिवराज पाटिल

## ९० वर्ष की उम्र में महाराष्ट्र के लातूर में ली अंतिम सांस



**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटिल का लंबी बीमारी के बाद आज महाराष्ट्र के लातूर में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पाटिल ने आज सुबह लगभग 6:30 बजे लातूर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली, वह लंबे समय से बीमार थे और लातूर में ही उनका इलाज चल रहा था। श्री पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षामंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। बारह अक्टूबर 1935 को जन्मे श्री पाटिल महाराष्ट्र के लातूर से सात बार सांसद रहे। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में उन्हें गृहमंत्री, रक्षामंत्री का कार्यभार सौंपा गया था। उन्होंने 1991 से 1996 तक देश के 10वें लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर काम किया। उन्होंने 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक के तौर काम किया। श्री पाटिल 2008 के मुंबई हमलों के समय देश के गृहमंत्री थे और इस हमले के बाद हुई व्यापक आलोचना के बाद उन्होंने 30 नवंबर 2008 को घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। श्री पाटिल ने हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय से विज्ञान में डिग्री प्राप्त की और बॉम्बे विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। वह 1967-69 के दौरान लातूर नगर पालिका में कार्यरत रहे। श्री पाटिल पंचमसाली लिंगायत समुदाय से थे। उन्होंने जून 1963 में विजया पाटिल से शादी की थी। उनके दो बच्चे एक पुत्र और एक पुत्री हैं। वह सत्य साई बाबा के कट्टर अनुयायी भी थे।

# तंबाकू-सिगरेट हुये और महंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सरकार ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 अधिसूचित कर तंबाकू और उससे बनी सभी श्रेणियों पर उत्पाद शुल्क में बड़ा इजाफा कर दिया है। केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 के तहत सिगरेट पर अब तक 200 से 735 रुपये प्रति हजार स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगता था। संशोधित कानून के लागू होने के बाद यह सीमा कई गुना बढ़ाकर 2,700 रुपये से 11,000 रुपये प्रति हजार सिगरेट कर दी गई है। इस अधिनियम के तहत सिगरेट, सिगार, हुक्का तंबाकू, चबाने वाला तंबाकू, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और सेस में वृद्धि की गई है। साथ ही यह अधिनियम सरकार को तंबाकू उपकर समाप्त होने के बाद भी केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाने के लिए वित्तीय गुंजाइश प्रदान करता है। नये कानून में निर्मित तंबाकू पर शुल्क में भी वृद्धि की गई है। चबाने वाले तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगा, जबकि हुक्का तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगा। पाइप और सिगरेट में इस्तेमाल होने वाले धूम्रपान मिश्रणों पर शुल्क 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 325 प्रतिशत कर दिया गया है।

### सरकार ने बताया कानून का उद्देश्य

**सरकार का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना और इसके सेवन पर अंकुश लगाना है। इससे पहले, राज्यसभा में चल रही बहस का जवाब देते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिगरेट पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को राज्यों के साथ साझा किया जाएगा, और स्पष्ट किया कि यह शुल्क उत्पाद शुल्क है, उपकर नहीं।**

# कलयुगी चाचा ने भतीजी की गला रेतकर हत्या कर दी

## भतीजे को छत से फेंककर गंभीर घायल किया





**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में कलयुगी चाचा ने अपने भतीजे को छत से फेंक दिया, जबकि भतीजी को गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। भतीजे को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार की देर शाम को मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में कलयुगी चाचा हिमांशु पुत्र जयसिंह ने अपने भतीजे व भतीजी पर हमला कर दिया। जिसमें दो वर्षीय मानवी पुत्री अरुण पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया एवं चार वर्षीय भतीजे मयंक पुत्र अरुण को छत से फेंक दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों बच्चों को मंडावली के एक

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया

प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर दो वर्षीय मानवी को मृत घोषित कर दिया गया। बालिका की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल बालक मयंक का अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया, जिसके बाद उसे जौलग्रांट के लिए रैफर कर दिया गया। मृतक बच्ची मानवी के पिता अरुण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि हिमांशु उसका छोटा भाई है, वह कोई काम नहीं करता है, उसके पिता जयसिंह पीडब्लूडी में कार्यरत है। हिमांशु शराब का सेवन करता है, जिसके चलते आयेदिन घर पर झगड़ा करता रहता था। आरोपी बेरोजगार होने के कारण अपने पिता से खर्चे के लिए पैसे मांगा करता है। गुरुवार को देर शाम को नशे की हालत में घर आया तथा अपनी भाभी से लड़ने झगड़ने लगा, बाद में भतीजे मयंक को उठाकर दो मंजिले मकान की छत पर लेकर चढ़ गया व छत से नीचे फेंक दिया। भतीजी मानवी पर धारदार हथियार से गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई सोनू सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पीड़ित अरुण की ओर से आरोपी हिमांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक बालिका के शव को पीएम के लिए भेज दिया था।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि HDFC बैंक, गर्ल्स इंटर कॉलेज, धामपुर के बराबर में एक संपत्ति, जिसमें दो दुकानें एवं दुमंजिला मकान बना हुआ है, यह संपत्ति विवादित है। जिसका वाद संख्या- 972 /24 मुंसफी नगीना में चल रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति इस संपत्ति की खरीद फरोख्त करता है, तो वह सभी हर्ज में खर्च का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-इन्द्रजीत सिंह पुत्र मंजीत सिंह**
**निवासी दुर्गा विहार कॉलोनी, धामपुर ( बिजनौर )**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE




प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or
YOU CAN SAVE
₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कालेज की भूमि पर से हटेगा अवैध क़ब्ज़ा

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज अफ़ज़लगढ़ की लगभग 64 वर्षों से विवादित पड़ी भूमि को लेकर आखिरकार बड़ा न्यायिक फैसला सामने आया है। सिविल जज (एसीजेएम) न्यायालय नगीना ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कॉलेज की जमीन पर किया गया कब्जा अवैध घोषित कर दिया है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद शहरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## अदालत ने दिया बड़ा फैसला

बताया गया कि कॉलेज प्रशासन पिछले कई वर्षों से इस जमीन को मुक्त कराने के लिए सतत रूप से संघर्ष कर रहा था। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार और कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन कुमार ने बिना किसी भय के कानूनी लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया और अंततः जमीन को स्कूल के नाम वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों के सहयोग, विशेषकर हाजी मोहम्मद रिजवान कुरैशी की लगातार पैरवी से यह मामला तीन वर्षों से लगातार उठता रहा। शिकायतों में आरोप था कि अवैध कब्जेदार शमीम अंसारी और उसका पुत्र कॉलेज परिसर की भूमि पर कच्चा-पक्का निर्माण कर रहे थे। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि पूर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार और संबंधित लेखपाल द्वारा एकतरफा जांच कर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया गया, जिसके कारण लंबे समय तक कार्रवाई लंबित रही। न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद एसडीएम धामपुर ने तहसीलदार को कब्जा हटवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। हालांकि, नायब तहसीलदार अफजलगढ़ द्वारा टीम के साथ मौके पर न पहुंचने को लेकर नगरवासियों में नाराज़गी व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि नायब तहसीलदार भूमाफियाओं के दबाव में लगातार एक वर्ष से कार्रवाई टालते आ रहे हैं। हाजी मोहम्मद रिजवान कुरैशी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और आयुक्त मुरादाबाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग रखी है। तहसील धामपुर से गठित टीम एक्शन के लिए तैयार है, बस नायब तहसीलदार की ओर से कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

### यह अवसर गंवाया न जाये

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 64 साल बाद मिला यह अवसर किसी भी कीमत पर गंवाया नहीं जाना चाहिए। नगर के लोगों ने प्रधानाचार्य, कार्यवाहक प्रधानाचार्य तथा स्कूल स्टाफ के सहयोग से शीघ्र भूमि कब्जामुक्त कराने की अपील की है। सूत्रों के अनुसार, यह भूमि वर्ष 1961 से लगातार अवैध कब्जे में बताई जा रही है, जिस पर समय-समय पर फर्जी तरीके से कब्जे बेचे जाने की भी शिकायतें मिली हैं। नगरवासियों का स्पष्ट कहना है कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करते हुए कॉलेज की भूमि को मुक्त कराया जाना चाहिए।

# सड़क किनारे खन्दक़ में युवती का शव मिला

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सड़क किनारे खन्दक में युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कहीं और कर किसी ने शव को यहां डाला है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। कार्यवाहक पुलिस क्षेत्राधिकारी व अपर पुलिस अधिक्षक ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। स्वाट टीम भी घटना की जांच मे लग गयी है। बृहस्पतिवार की दोपहर शुगर मिल से गन्ना डालकर जा रहे एक ट्रक चालक ने अपना ट्रक ग्राम महमूदपुर फाटक से करीब 100 मीटर की दूरी पर रोका तो खन्दक में युवती का शव देखा। उसने डायल 112 को फोन किया जिस पर डायल 112 की टीम पहुची और थाने को सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुचे और मृतक के शव की शिनाख्त करानी चाही, लेकिन शिनाख्त न होने पर शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया। जीभ मुह से बाहर निकली हुई थी जिससे प्रथमदृष्टया तो यही लग रहा है कि युवती की मौत दम घुटने से हुई है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा। अपर पुलिस अधिक्षक ऐ के श्रीवास्तव ने पुलिस को जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए है।



पुलिस शिनाख्त मे जुटी

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा... हर्षवर्धन राठी संग प्राची

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम आदमपुर निवासी श्रीमती सविता राठी एवं श्री प्रमोद राठी के सुपुत्र व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी के भतीजे चि. हर्षवर्धन राठी का शुभ विवाह ग्राम कुचावली जनपद मुरादाबाद निवासी श्रीमती दीपा देवी एवं श्री जयकुमार की सुपुत्री आयु. प्राची के साथ नगर के एक रिजोर्ट में आयोजित एक भव्य समारोह में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिकों ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया। राठी परिवार की ओर से सर्वश्री प्रमोद राठी, राकेश राठी, नरवेन्द्र राठी, मनोज राठी, सतेन्द्र राठी, विनोद राठी, राजेश राठी, सचिन राठी, विक्रांत राठी, निशांत राठी, मयंक राठी, उत्कर्ष राठी, हिमांक राठी, आराध्या राठी, अनिक राठी, वैदिका राठी आदि ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवदम्पति के दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना करता है।

# डीसीएम कैंटर दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचा गम्भीर हादसा



**झालू ( चिंगारी )।** नूरपुर-बिजनौर रोड पर स्थित आरवीआइटी कॉलेज के सामने मंगलवार को एक डीसीएम वाहन अनियंत्रित होकर बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा। हादसे में वाहन चालक ललित पुत्र अमित लाल मिश्रा, निवासी जनपद गोंडा, डीसीएम में बुरी तरह फंस गया था। सूचना मिलते ही झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर स्थिति में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, दुर्घटना में वाहन का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे चालक को निकालने में पुलिस को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। पुलिस ने घायल चालक को तत्काल उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा, जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ जो कुछ समय बाद ठीक हुआ।

# फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों के आधार पर सम्पत्ति अपने नाम करा ली, मुक़दमा दर्ज

**पिलखुआ/बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडावर के मूल निवासी सर्जन डा. डी के शर्मा एवं उनके भाई दिनेश कुमार हाल निवासी सहारनपुर व पिलखुआ के विरूद्ध फर्जी वसीयत तैयार कर सम्पत्ति अपने नाम पर दर्ज कराने के आरोप में पिलखुआ में मुकदमा दर्ज हुआ है। रेलवे रोड पिलखुआ निवासी सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी मंजू शर्मा ने अदालत के निर्देश पर पिलखुआ कोतवाली में उनके पति डा. दिनेश कुमार शर्मा और जेठ देवेश कुमार शर्मा के विरूद्ध फर्जी वसीयत तैयार कर सम्पत्ति अपने नाम कराने का यह मामला दर्ज कराया है। वैज्ञानिक प्रलेख अनुसंधान संस्थान मेरठ की रिपोर्ट में दस्तावेजों में कूट रचना की पुष्टि हुई है। पीड़िता ने बताया कि उनकी सास सुशीला शर्मा की सम्पत्ति उनके अपने पैसों से खरीदी गई थी, लेकिन विपक्षियों ने एक अपंजीकृत वसीयत के आधार पर नगर पालिका के अभिलेखों में हाउस टैक्स में अपना नाम दर्ज कराया लिया। पिलखुआ कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# वीके स्कूल में हुई भाषण प्रतियोगिता




**नहटौर ( चिंगारी )।** वीके इंटरनेशनल स्कूल, नहटौर में ग्रीन चौपाल बैठक के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का विषय मानव तथा वन्य जीवों का सह अस्तित्व रहा।

बृहस्पतिवार को स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के शुभारंभ में स्कूल के एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने क्षेत्रीय वन अधिकारी शशांक गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतियोगिता में तिथिक्षा कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मानव वन्य जीव प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्राप्त कर यशिका चौधरी, फारिया जैदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। धामपुर क्षेत्रीय वन अधिकारी शशांक गुप्ता ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के साथ सही व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया तथा वन्य जीवों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए, साथ ही हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विचार व्यक्त किये। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यापिका समाना नकवी, आशु सैनी, दीपक कुमार शर्मा, मयूर कुमार सैनी, रजनीश कुमार शर्मा, शायका शकील, रूपम शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# नारी को अपने अधकारों के प्रति गम्भीर होना पड़ेगा : प्रियंवदा आर्य

**नहटौर ( चिंगारी )।** कुसुम देवी सरस्वती विद्या मंदिर बल्ला शेरपुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या बबीता रानी आर्ष गुरुकुल विद्यापीठ श्रावनपुर, नजीबाबाद की संस्थापिका प्रियंवदा आर्ष ने कहा देश सामाजिक में नारी के योगदान का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। समय-समय पर नारी ने अपनी सहभागिता की है।

गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या बबीता रानी प्रियमवदा आर्ष ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियमवदा आर्ष ने कहा कि वर्तमान में नारी को अपने अधिकारों के प्रति गंभीर होना पड़ेगा तभी वह समस्याओं से का निधन करने में अपनी सहभागिता कर सकती है। उन्होंने कहा कि अपने व्यवहार में परिवार में समरसता की भावना लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महिला मात महाशक्ति है और मातृ शक्ति और राष्ट्र को सफल बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा समय-समय पर विपत्तियों के समय महिलाओं ने अपनी सहभागिता करके विपत्तियों को दूर करने में पूर्ण सहभागिता की है। आज के समय में महिला को अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर कार्य करें अपने परिवार में एक दूसरे का सम्मान करे। अपने बच्चों को संस्कारी बनाने में पूर्ण सहभागिता करें।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कविता रानी, श्रीमती मीना ने संयुक्त रूप से महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समृद्ध भारत के लिए महिलाओं में सप्तशक्ति संगम को जागृत करना है। भारत में देश की आजादी में अपना पूर्ण योगदान दिया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई सहित अनेक महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह सहित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में 500 महिलाओं ने भाग लिया। अतिथि द्वारा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई गई।

# विधायक ओमकुमार व तहसीलदार ने बांटे कंबल



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधायक ओमकुमार व तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने पात्र लोगों को कंबल वितरित किये। बृहस्पतिवार को ग्राम रुखड़ियो स्थित अंबेडकर धर्मशाला में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक ओमकुमार ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। 75 लाभार्थियों को विधायक ओमकुमार व तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल ब्रहम सिंह रवि ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनीराम, कानूनगो ओम वीर सिंह, हलका लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि,रामकेश सिंह,शेर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अमर दीप राही आदि ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# किसान के हरे-भरे पेड़ तोड़ दिये, लाखों का नुकसान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** अज्ञात लोगों ने एक किसान के सौ हरे भरे पेड़ो को तोड़कर लाखों रुपए का नुकसान कर दिया। पीड़ित किसान ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही करने की गुहार की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी रईस अहमद के पुत्र मौ रागिब का ग्राम कंदला शाहकोट के जंगल में खेत है। उन्होंने अपने खेत में यूकेलिप्टस, आम और अमरुद के पेड़ लगा रखे हैं। मौ. रागिब ने बताया कि मंगलवार को वे अपने खेत पर काम करके शाम के समय घर आ गए थे। बुधवार को जब खेत पर पहुंचे तो खेत में खड़े एक वर्ष से पुराने यूकेलिप्टस आम व अमरूद के लगभग सौ पेड़ टूटे पड़े मिले। अपने हरे भरे पेड़ों को टूटा देखकर रागिब को गहरा धक्का लगा। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने उनको नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से हरे हरे तोड़ने की ये हरकत की है। किसान के मुताबिक उनका लाखों रुपए का नुक़सान हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा घटना की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की गुहार की गई है। वहीं खेत में खड़े पेड़ो को नष्ट कर किये गए नुक़सान की इस घटना से क्षेत्र के अन्य किसानों में भी रोष व्याप्त है।

# धर्मवीर डिग्री कालेज में हुई शिक्षक संगोष्ठी




**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार की देर शाम शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मुरादाबाद शिक्षा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय शिक्षक गोष्ठी का आयोजन धर्मवीर डिग्री कॉलेज में किया गया। जिसमें उत्तर क्षेत्र के शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास प्रभारी प्रोफेसर जगराम सिंह ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करते समय सर्वप्रथम मित्रता भाव का होना अति आवश्यक है। संस्कृति हमें मूल्य, विश्वास, जीवन शैली सिखाती है जबकि शिक्षा सर्वांगीण विकास के समय का निर्माण करती हैं व चरित्र निर्माण होता है। शिक्षा प्रदान करते समय सदाचार, अनुशासन का पाठ, करुणा का पाठ, मधुर संवाद, बच्चों की भावना को समझना तथा ईमानदारी, श्रद्धा विनम्रता, सरलता, मेहनत, आत्म नियंत्रण, आदर्श व्यक्तिव का होना अति आवश्यक है। प्रतिदिन एकांत में रहकर आत्म निरीक्षण जरूर करें, जहां कमी हो सुधार करें। इस अवसर पर सत्यवीर गुप्ता, कोमल सिंह यादव, पूरन सिंह, सोमवीर दिनेश चौहान, लोकेंद्र चौधरी समेत क्षेत्र के अनेक स्कूलों से शिक्षक, प्रधानाचार्य, प्रबंधकों ने भाग लिया। संचालन मनोज कुमार ने किया।

**शिक्षा से होता चरित्र निर्माण - प्रो. जगराम**

# मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष्य में होगा कवि सम्मेलन व पत्रकारों का सम्मान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण महासभा (पंजी) उ.प्र. जनपद बिजनौर द्वारा महामना पंड़ित मदन मोहन मालीवीय जी की जयंती पर कवि सम्मेलन एवं पत्रकर सम्मान कार्यक्रम के साथ श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनय जायेगी। प्रदेशाध्यक्ष पं. धर्मेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री पं. संजय हरित, जिला कोषाध्यक्ष पं. अशोक शर्मा व नगराध्यक्ष डा. अशोक शर्मा ने बताया कि 20 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में विश्व ब्राह्मण संघ के चेयरमैन पं. रविकान्त शर्मा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगे।

## नौ कुण्डीय हवन-महायज्ञ का आयोजन

**गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समस्त ब्राह्मण संगठनों के द्वारा 25 दिसम्बर को मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जयंती श्रद्धा व उल्लास पूर्वक मनायी जायेगी। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर के जिला अध्यक्ष विभोर कौशिक एडवोकेट, नगर अध्यक्ष तुषार शर्मा एड. एवं श्रीमती शोभा शमर्ह ( जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ) ने बताया कि जजी रोड स्थित शहनाई बैंकट हाल में प्रातः 9 बजे से नौ कुण्डीय हवन महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा।**

# हरपति देवी की पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरुवार को हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल नगीना रोड बिजनौर में श्रीमती हरपति देवी की 18वीं पुण्यतिथि पर विशाल हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।




सर्वप्रथम पंडित जी श्री रानू शर्मा ने शंखनाद व मत्रोंचारण के साथ हवन-यज्ञ का शुभारंभ किया गया। एच. एम. पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्री अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधक श्रीमती कुसुम चौधरी एवं प्रधानाचार्य संजीव सहरावत व एकाउंटेंट सुमित चौधरी ने हरपति देवी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। स्व. श्री चौधरी राम सिंह की पत्नी श्रीमती हरपति देवी की स्मृति में हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल की स्थापना की गयी थी। एच. एम. पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओ व अध्यापक/ अध्यापिकाओ ने हवन यज्ञ में आहूति देकर श्रीमती हरपति देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक/अध्यापिकाओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# ऑनलाइन उपस्थिति को जबरदस्ती की गई तो आन्दोलन करेंगे शिक्षक

**नहटौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक शिक्षक संघ बिजनौर की आपात बैठक में शिक्षकों पर जबरन थोपी जा रही ऑनलाइन उपस्थिति का मुद्दा छाया रहा। वक्ताओं ने एकजुट होकर पुरजोर तरीके से ऑनलाइन हाज़री का विरोध करने का निर्णय लिया। नहटौर के दुर्गा विहार कॉलोनी में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का शासनादेश बिना शिक्षकों की मांगों को पूरा किये जारी किया है। जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने कहा कि अध्यापकों को जब तक वर्ष मे 30 इएल, 15 हाफ सीएल अनुमन्य नहीं की जाएगी, तब तक किसी भी कीमत पर ऑनलाइन उपस्थिति को लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट की गुणवत्ता भी बहुत खराब है। ऐसी स्थिति में गुणवत्ता युक्त नए टैबलेट सरकार को उपलब्ध कराने चाहिए। विद्यालयों में नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए अध्यापकों को स्थानांतरण का विकल्प देना चाहिए, परंतु शासन में बैठे कुछ लोग अध्यापकों की समस्याओं को पूरी तरह से अनदेखा कर मनमानी आदेश थोपने पर लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन अवकाश लागू करने से पूर्व शिक्षामित्र का मानदेय बढ़ाकर कम से कम 30000 प्रति माह करना चाहिए। उन्होंने इस प्रकरण में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए शिक्षक हित मे निर्णय लेने का अनुरोध भी किया। उन्होंने चेताया यदि अध्यापकों के साथ जबरदस्ती की गई तो शिक्षक संगठन बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक का संचालन राजपाल सिंह ने किया। बैठक में सोहनवीर सिंह, ज्योति प्रकाश गहलोत, मोबिन हसन प्रांतीय मीडिया प्रभारी, नवरत्न सिंह, सुधीर कुमार, अनिल कुमार, अंकित चिकारा, राजीव सिंह, राजीव चौधरी, आदेश कुमार, नवीन चौधरी, विकुल तोमर सहित बड़ी संख्या मे शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने की।

# अशोक चौधरी ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे कम्बल




**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने खादर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों के जरूरतमंदों को कम्बलों का वितरण किया। रालोद नेता अशोक चौधरी अपने समर्थकों के साथ खादर क्षेत्र में पहुंचे तथा सुल्तानपुर माइनर टूटने से किसानों के हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा दिये जाने की मांग की। अशोक चौधरी ने ग्रामीणो को बताया कि उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से दिल्ली में मुलाकात कर प्रति वर्ष बरसात के मौसम में खादर क्षेत्र में आने वाली बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध का शीघ्र निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगर अध्यक्ष मुंजरिम अहमद, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, पीतम सिंह, नहटौर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजीव चिकारा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजीव तोमर, पूर्व जिला महासचिव गजेन्द्र सिंह, अशफाक प्रधान, सतेंद्र सिंह डायरेक्टर, हेमेंद्र प्रधान, सर्वजीत सिंह प्रधान, राजेश खन्ना, नरेश नेताजी, राजीव चौधरी, जगदीस सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह आदि थे।

# बांग्लादेश में 12 फरवरी को होंगे चुनाव

## तख्तापलट के डेढ़ साल बाद वोटिंग; क्या हसीना की पार्टी चुनाव लड़ पाएगी

**ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है।**

5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पाएगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था। पार्टी के बड़े नेताओं को अंतरिम सरकार गिरफ्तार कर चुकी है। अवामी लीग चुनाव लड़ने और राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि उसी दिन जुलाई चार्टर को लेकर जनमत संग्रह किया जाएगा। जुलाई चार्टर संवैधानिक और राजनीतिक सुधार का एक दस्तावेज है। इसमें 26 पाइंट हैं, जिसका मकसद देश की राजनीति और शासन व्यवस्था में बदलाव लाना है।



इसमें प्रधानमंत्री की सत्ता सीमित करने की बात है, ताकि कोई अनिश्चित समय तक सत्ता में न रह सके। इस चार्टर में पीएम का कार्यकाल 8 या 10 साल करने की बात कही गई है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक जुलाई चार्टर नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की कोशिश हुई थी। जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी। इसमें प्रावधान है कि राजनीतिक दलों की अलग-अलग मांगों के बीच संतुलन बनाने के लिए 100 सदस्यीय ऊपरी सदन का गठन प्रतिनिधित्व के आधार पर किया जाएगा। यानी जिस पार्टी को जितने वोट मिलेंगे, उसी अनुपात में उसे सीटें दी जाएंगी। चुनाव से पहले छात्रों की राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (NCP) ने जमात-ए-इस्लामी से टूटकर बनी अमर बांग्लादेश (AB) पार्टी और राष्ट्र संस्कृति आंदोलन के साथ मिलकर नया मोर्चा गणतांत्रिक संस्कार गठजोट बनाया है। NCP इसी साल फरवरी में बनी थी। पार्टी के छात्र नेताओं ने पिछले साल हसीना विरोधी प्रदर्शनों की अगुवाई की थी। इन्हीं प्रदर्शनों के दबाव में 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना सरकार को सत्ता छोड़नी पड़ी थी।

# देशभर के 5868 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराता है रेलवे- वैष्णव

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** रेलवे देशभर के 5868 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों नि:शुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराता है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार परिचारक के उपलब्ध होने की स्थिति में पूर्व निर्धारित मामूली दर पर लाइसेंस प्राप्त सहायक (पोर्टर) किराए पर लिए जा सकते हैं। इस संबंध में जानकारी रेलवे स्टेशन परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाती है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गयीं अन्य पहलों में कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) में वरिष्ठ नागरिकों और 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को बुकिंग के समय सीट उपलब्ध होने पर बिना किसी विकल्प के भी स्वचालित रूप से निचली सीट आवंटित करने का प्रावधान है।



वहीं, शयनयान श्रेणी में प्रति कोच छह से सात निचली सीट, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3एसी) में प्रति कोच चार से पांच निचली सीट और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2एसी) में प्रति कोच तीन से चार निचली सीट (रेलगाड़ियों में उस श्रेणी के कोचों की संख्या के आधार पर) का संयुक्त आरक्षण वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

# भगवा फहराने पर हत्या करने वाले को फांसी की सज़ा

## 9 लोगों को उम्रक़ैद, दुर्गा पूजा के दौरान धारदार हथियारों से हमला किया था

**बहराइच ( एजेंसी/चिंगारी )। जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी. दूर महराजगंज बाजार में 13 अक्तूबर 2024 को शाम 6 बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान विवाद हो गया। महराजगंज कस्बे में मुस्लिम समाज के लोगों ने डीजे बंद करने को कहा, जिस पर तनातनी बढ़ी और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान जुलूस पर पत्थरबाजी हुई और पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से अधिक फायरिंग की गई। हंगामे के बीच रेहुआ मंसूर निवासी रामगोपाल मिश्रा अब्दुल हमीद के घर की छत पर चढ़ गए और वहां लगा झंडा उतारकर उसकी जगह भगवा झंडा फहरा दिया। आरोप है कि इसके बाद अब्दुल हमीद, उसके बेटे सरफराज और अन्य आरोपियों ने रामगोपाल को घर के अंदर खींच लिया और**



**बुरी तरह पीटने के बाद उसके पैरों के नाखून उखाड़े और बर्बरता करने के बाद गोली मार दी। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। रामगोपाल की मौत की ख़बर फैलते ही भीड़ आक्रोशित हो गई। सड़क जाम कर मूर्ति विसर्जन रोक दिया गया। रातभर विरोध प्रदर्शन चलता रहा। रात में ही डीएम मोनिका रानी और एसपी वृंदा शुक्ला मौके पर पहुंचीं और कई थानों की फोर्स तैनात की गई, बावजूद इसके अगले दिन सुबह फिर हिंसा भड़क उठी। अगले दिन मृतक युवक का शव लेकर निकली भीड़ को पुलिस ने रोककर समझाया तो परिवार शव लेकर घर चला गया, लेकिन भीड़ उग्र हो गई। महसी तहसील के मुख्य बाजार में आगजनी की गई। लोगों ने बाइक शोरूम और एक निजी अस्पताल में आग लगा दी। स्थिति काबू करने के लिए पांच थानों की फोर्स और दो बटालियन पीएसी तैनात की गई। करीब पांच से छह हजार लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ।**

# ममता बोलीं- शाह ख़तरनाक, वे दुर्योधन-दुशासन जैसे

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को खतरनाक करार दिया है। ममता ने गुरुवार को कृष्णानगर की रैली में कहा कि शाह की आंखों में दहशत है। उनकी एक आंख में आपको दुर्योधन तो दूसरी आंख में दुशासन दिखाई देगा। ममता ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR यानी वोटर वेरिफिकेशन) को लेकर महिलाओं से कहा- वे (केंद्र सरकार) SIR के नाम पर मांओं-बहनों के अधिकार छीन लेंगे। वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस बुलाएंगे। ममता ने महिलाओं से ये भी कहा- अगर आपके नाम काटे गए तो आपके पास किचन के बर्तन हैं, इनसे लड़िए। अपने नाम को लिस्ट से कटने मत देना। महिलाएं आगे आकर लड़ेंगी, पुरुष इनके पीछे रहेंगे।



ममता ने आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले SIR को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा है। अमित शाह वोटों के इतने भूखे हैं कि चुनाव से दो महीने पहले ही यह प्रक्रिया चला रहे हैं। ममता ने रैली में ये भी कहा कि अक्टूबर से 12 राज्यों में SIR चल रहा है। यह बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहा है।

# स्वतंत्र तो हो गये, पर अपना 'स्व' भूल गये- प्रशांत महर्षि






जीआईसी बिजनौर में हुआ 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज, बिजनौर में आज 'बाबू गेनू बलिदान दिवस' पर 'स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ' कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रधानाचार्य श्री धर्मवीर एवं श्री प्रशांत महर्षि, प्रांतीय सहसंयोजक पश्चिम उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में किया गया।

प्रशान्त महर्षि ने 1930 में स्वदेशी के लिए हुए प्रथम बलिदानी बाबू गेनू के विषय में बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपनी कपड़ा मिल में आया विदेशी कपड़ों का ट्रक बाज़ार में भेजे जाने का विरोध किया और इसके आगे लेटकर अपना बलिदान दिया। उनके बलिदान से देश भर में विदेशी कपड़ों की होली जलाई जाने लगी और अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा और कालांतर में अनेक बलिदानों के बाद देश स्वतंत्र हुआ। हम राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो गए, पर अपना 'स्व' भूल गए जो अब पुन: 'स्व' के जागरण के लिए स्वदेशी जागरण मंच कार्य कर रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान अजय वत्स, जिला संयोजक एवं कौशल किशोर शर्मा, जिला संपर्क प्रमुख के द्वारा छात्रों को स्वदेशी वस्तुओं के महत्व, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर व्यापक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विशेषज्ञों ने कौशल विकास (Skill Development) और उसके माध्यम से रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

विद्यालय के शिक्षक तेजपाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है, बल्कि स्थानीय कारीगरों और उद्योगों को भी सहारा प्रदान करता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश, अमित शर्मा एवं प्रभात कुमार का विशेष सहयोग रहा।


# ब्रिकी/किराए के लिए व्यावसायिक संपत्ति

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल ( SRS MALL ), शक्ति चौक, बिजनौर में स्थित, दो व्यावसायिक हॉल ( बिक्री या किराए ) के लिए उपलब्ध हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-**

**दो हॉल तृतीया तल पर जिनका आकार-74 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा एवं 79 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा है।**

**इच्छुक व्यक्ति श्री मनीष कुमार जी से 9927164079 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**


# स्कूल में घुसा सांप बच्चे गये कांप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कम्पोजिट विद्यालय धर्मनगरी में गुरूवार को उस समय बच्चों में दहशत फैल गई, जब स्कूल में एक कोबरा सांप घुस आया। विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक नरेशपाल वर्मा ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी। सांप घुस जाने से स्कूली बच्चों में दहशत फैल गई। स्थिति को देखते हुए छोटे बच्चों की छुट्टी कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूल स्टाफ को हिम्मत बंधाई। वन विभाग की टीम ने क़रीब आधे घंटे की मशक्क़त के बाद सांप को रेसक्यू कर लिया। बताया जाता है कि सांप कोबरा था।

# दूल्हे को धमकी भरा पत्र मिला

## पुलिस की सुरक्षा में निकली बारात

**नूरपुर( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव ढेला अहीर निवासी नरेश कुमार के पुत्र भोलू की शादी उत्तराखंड के रुड़की निवासी युवती के साथ तय हुई थी। बताया गया कि बुधवार को बारात जाने से कुछ घण्टे पहले ही दूल्हे के घर के बाहर दरवाज़े पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक धमकी भरा पत्र डाला गया। पत्र में लिखा था कि यदि दूल्हा बारात लेकर आएगा तो उसकी लाश वापस जाएगी। पत्र से दूल्हे के परिजनों में दहशत फैल गई। दूल्हे के पिता नरेश ने घटना के सम्बंध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस हरकत में आई तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई ताकि बारात बगैर किसी खतरे के रवाना हो सके। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध गाली गलौच व धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

# चांदपुर में चिकित्सा शिविर 14 को


**चांदपुर ( चिंगारी )।** विवेक हास्पिटल बिजनौर की ओर से 14 दिसम्बर को रहमानिया गर्ल्स इंटर कालेज में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इरफान मिर्जा ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी तथा साथ ही शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां भी दी जाएगी। मोतियाबिंद के नि:शुल्क आप्रेशन हेतु रोगियों की जांच भी की जाएगी।

# आरवीआईटी के चार छात्रों का प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुआ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्ट्टीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4 छात्रों का चयन एचसीएल टेक्नोलोजीज कम्पनी में हुआ। सभी छात्रों का चयन कम्पनी द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा सामूहिक वाद-विवाद, टेक्निकल राउंड और साक्षात्कार के आधार पर हुआ।



छात्रों के पिछले तीन वर्ष के शैक्षणिक रिकॉर्ड को भी देखा गया। कम्पनी द्वारा 4 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें बीटेक कम्प्युटर साइन्स ब्रांच से 2 छात्राओं खुशी चौहान और सिमरन जोशी का चयन हुआ तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नोलोजी ब्रांच से भी 2 छात्र रचित शर्मा और सिदरा जैदी का चयन हुआ। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ट्रेनिंग एंग प्लेसमेंट विभाग के हेड उज्जवल पाठक और कोर्डिनटर फिरोज द्वारा किया गया।

भली लगे या बुरी...

## बदलते परिदृश्य में श्रमिक

भारत अपनी युवा जनसंख्या के कारण सबसे अधिक कामगारों वाला देश भी है, लेकिन हमारे अधिकतर कामगारों व युवाओं को अपनी सर्वोत्तम प्रतिभा का उपयोग करने का अवसर नहीं मिलता है। भारत की आर्थिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि आज संगठित क्षेत्र तथा स्थायी व सुनिश्चित नौकरियों की तुलना में असंगठित क्षेत्र, अस्थायी व असुरक्षित नौकरियों तथा छंटनी व कंपनियां बंद होने का खतरा बहुत बढ़ गया है। विडंबना है कि देश में 'मांग हमारी पूरी हो, चाहे जो मजबूरी हो' का नारा लगाने वाली ट्रेड यूनियनों और राजनीतिक पार्टियों ने कभी असंगठित क्षेत्र में मजदूरों की स्थिति, वेतन तथा उनकी कार्यदशाओं के बारे में गंभीर विचार नहीं किया और केवल बयानबाजी से संतोष कर लिया। आज भारत सरकार ने पुराने 29 श्रम संबंधी कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताओं की घोषणा कर दी है, जबकि कई राज्य सरकारें इनके प्राविधानों को पहले ही लागू कर चुकी हैं। जहां ट्रेड यूनियनें इनको श्रमिक अधिकारों पर हमला बता रही हैं, वहीं उद्योग-वाणिज्य जगत इन संहिताओं को नाकाफी बता रहा है। तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो विज्ञान और तकनीक की प्रगति, वैश्वीकरण तथा एआई, मशीन लर्निंग व इंटरनेट आफ थिंग्ज़ जैसी चीजों के कारण आज एक-दो दशक पहले जैसी कार्यस्थितियां बनाए रखना न केवल असंभव बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से हानिकारक होता जा रहा है। ऐसे में नई श्रम संहिताओं पर श्रमिकों तथा उद्योग व वाणिज्य जगत के दृष्टिकोण से न्यायोचित विचार-विमर्श की आवश्यकता है। बदलते परिदृश्य को देखते हुए कामगारों के उपलब्ध कौशल में सुधार, उन्नयन तथा परिवर्तन की आवश्यकता है, लेकिन विडंबना है कि जहां उद्योग जगत उपयुक्त श्रमिकों व कर्मचारियों की कमी का रोना रोता रहता है, वहीं वह कौशल-प्रशिक्षण में अपनी भूमिका अदा नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त तकनीकें, कंप्यूटरीकरण व रोबोटीकरण आदि भारी संख्या में श्रमबल को निरर्थक और निरुपयोगी बनाने जा रहे हैं। यह स्थिति देश में न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक व राजनीतिक विस्फोट का कारण भी बन सकती है। इसलिए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की अवधारणा में यह शामिल करना भी जरूरी है कि इस विकास का लाभ जनता के हर तबके व खासकर पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# वंदेमातरम् मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता का आदर्श मंत्र



▶▶मनोज कुमार अग्रवाल

वंदेमातरम् गीत पर लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदेमातरम् गीत की गूंज ने न सिर्फ अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी, बल्कि पूरे भारत में उत्साह का ऐसा माहौल तैयार किया था, जो न सिर्फ स्वतंत्रता का मंत्र बना, बल्कि आजाद भारत के लिए भी विजन बनकर सामने आया। यह गीत आज़ादी का उद्गार बन गया था और हर देशवासी इस गीत से प्रेरित होकर अंग्रेजों के खिलाफ जंग लड़ रहा था। इस गीत से देश में बने नये माहौल को देखकर अंग्रेज बौखला गये थे, इसलिए उन्होंने इस गीत पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे गाने को अपराध मानकर लोगों पर जुल्म ढहाने शुरू कर दिये थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम् पर चर्चा में कोई पक्ष और प्रतिपक्ष नहीं है, क्योंकि इसी गीत से मिली प्रेरणा के कारण हम सब यहां बैठे हैं और यह हम सबके लिए पावन पर्व है।




वंदेमातरम् को 1950 में भारत की संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। वंदेमातरम् की रचना शुरू में स्वतंत्र रूप से की गई थी और बाद में इसे बंकिमचंद्र चटर्जी के 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। इसे पहली बार रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में गाया था। एक राजनीतिक नारे के रूप में वंदेमातरम् का पहली बार प्रयोग 7 अगस्त 1905 को हुआ था। इस वर्ष, 7 नवंबर 2025 को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की 150 वीं वर्षगांठ थी, जिसका अनुवाद मां, मैं आपको नमन करता हूं, है। सदन में इस पर चर्चा हुई। जिस पर सरकार एवं विपक्षियों ने अपनी-अपनी राय रखी। वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं की अनगिनत पीढ़ियों को प्रेरित किया है, जो भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना के स्थायी प्रतीक के रूप में खड़ा है। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित, वंदेमातरम् पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुआ था। बाद में, बंकिमचंद्र चटर्जी ने अपने अमर उपन्यास आनंदमठ में भजन को शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ था। इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था। यह राष्ट्र की सभ्यता, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का एक अभिन्न अंग बन गया है। इस मील के पत्थर को मनाने का अवसर एकता, बलिदान और भक्ति के कालातीत संदेश की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। राज्यसभा बुलेटिन में वंदेमातरम् को भी जय हिंद और दूसरे शब्दों के साथ शामिल किया गया है।

इस सबके बीच ममता बनर्जी का भी इस मुद्दे पर मुखर हो जाना, वंदेमातरम् के बंगाल कनेक्शन की तरफ खास इशारे कर रहा है। संसद में राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष दोनों ने इस विषय पर अपनी राय रखी। वंदेमातरम् पर यह बहस केवल एक रस्म नहीं है, बल्कि यह ऐसे समय पर हो रही है जब इस गीत को लेकर राजनीति गरम है। नवंबर महीने में इस गीत के 150 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस ने 1937 के अधिवेशन में राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के कुछ जरूरी हिस्से हटा दिये। कांग्रेस का यह कदम विभाजन के बीज बोने जैसा था। पीएम मोदी का आरोप था कि राष्ट्रगीत को टुकड़ों में बांटकर इसकी मूल भावना कमजोर कर दी गई है। सबसे पहले वंदेमातरम् की रचना की बात करें तो बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस राष्ट्रगीत की रचना की थी। इसे पहली बार सात नवंबर 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया गया था। उस दिन से लेकर आज तक यह गीत करोड़ों देशवासियों के हृदय में देशभक्ति की अलख जगा रहा है। मातृभूमि की आराधना के प्रतीक इस गीत को सुनते ही ब्रिटिश अफसरों के कान खड़े हो जाते। अंग्रेजों द्वारा वंदेमातरम् गीत को गाने या छापने पर भी बैन लगा दिया गया था। आगे चलकर यह छह छंदों वाला गीत मूल रूप से बंकिमचंद्र चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना जो 1882 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में सन्यासी विद्रोह की कहानी के माध्यम से बंकिम चंद्र ने भारत को मां दुर्गा के रूप में चित्रित किया, इसमें उन्हें सुजलाम, सुफलाम, मलयजशीतलाम...कहा गया। यह गीत गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत को समृद्धि और शक्ति का सपना दिखाता था। 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में इस गीत को एक नई पहचान मिली। रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतमय रूप दिया और इसे कलकत्ता के अधिवेशन में गाया। संगीतमय प्रस्तुति ने इस गीत को अमर कर दिया। यह गीत जनमानस में तेजी से लोकप्रिय होने लगा। हर तरफ वंदे मातरम् की गूंज सुनाई देने लगी। तब ब्रिटिश राज ने इसे अपनी सरकार के खिलाफ खतरनाक मान लिया। उसके बाद 1905 के बंगाल विभाजन के दौरान स्वदेशी आंदोलन में यह नारा बन गया। कालांतर में इस गीत को लेकर मुसलमानों की तरफ से आपत्ति जताई जाने लगी। 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में वंदेमातरम् गायन के समय तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली जौहर मंच से उठकर चले गए थे। इस गीत को लेकर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति है कि वंदेमातरम् के जरिए उन पर हिंदू देवी-देवताओं की पूजा का दबाव डाला जा रहा है। वंदेमातरम् में मंदिर और दुर्गा शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 में तय किया कि राष्ट्रीय आयोजनों में इस गीत के केवल पहले दो पद ही गाए जाएंगे। यही कारण रहा कि 1937 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में वंदेमातरम् के केवल दो छंद ही गाए गए। उस समय से इसी नियम का पालन किया जाने लगा। आजादी के बाद इसे नियम बनाते हुए 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने वंदेमातरम् को राष्ट्रगीत घोषित कर दिया। वंदेमातरम् को आज भी आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला हुआ है। लेकिन सरकारी समारोहों में इसके पहले के दो छंदों का ही गायन होता है। हालांकि बाल गंगाधर तिलक ने इसे राष्ट्रीय प्रार्थना और अरविंदो घोष ने मंत्र कहते हुए इसे राष्ट्रगान का दर्जा देने की की मांग की थी। यह गीत राष्ट्रगान की जगह तो नहीं ले सका, लेकिन राष्ट्रगीत के तौर पर आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरणा दे रहा है।

> **"वंदेमातरम् को 1950 में भारत की संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। वंदेमातरम् की रचना शुरू में स्वतंत्र रूप से की गई थी और बाद में इसे बंकिमचंद्र चटर्जी के 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। इसे पहली बार रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में गाया था। एक राजनीतिक नारे के रूप में वंदेमातरम् का पहली बार प्रयोग 7 अगस्त 1905 को हुआ था।**

## पीआरडी स्थापना दिवस मनाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, बिजनौर के तत्वावधान में गुरूवार को मिनी स्टेडियम शेखूपुरा में पी.आर.डी. स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा पीआरडी स्थापना दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने परेड की सलामी लेकर किया गया। कार्यक्रम में पी.आर.डी. जवानों के मध्य रस्साकशी एवं दौड़ की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में विजयी पी.आर.डी. जवानों को जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश मलिक, रजनी, अंकुर बालियान, सुमित, अंकित और मो. शोएब, कनिष्क सहायक प्रांजल दीक्षित एवं पी.आर.डी. जवान उपस्थित रहे।

## पत्रकार असलम को सम्मानित किया



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गत दिवस पास के ग्राम मानियावाला में मुस्लिम इमदादी सोसायटी (मुस्लिम फंड) अफजलगढ़ की मानियावाला ब्रांच द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में कुशल संचालन के लिए आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष कासमपुर गढ़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम को सोसाइटी पदाधिकारियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में मुस्लिम इमदादी सोसायटी अफजलगढ़ के अध्यक्ष के मजहर अहमद, कार्यवाहक सेक्रेट्री हाफिज जहीरूद्दीन, एमडी शहजाद आलम एडवोकेट, हेड ऑफिस अफजलगढ़ के मैनेजर फिरासतुल्ला नंबरदार, मानियावाला ब्रांच मैनेजर जाकिर अंसारी, सुरजन नगर ब्रांच मैनेजर प्रदीप तिवारी आदि शामिल रहे।

## मौ.रफत बने पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष

**बिजनौर (चिंगारी)।** क़स्बा झालू निवासी मोहम्मद रफत को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



मोहम्मद रफत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वे इससे पूर्व झालू नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं एवं नगर पंचायत झालू से अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। इसके साथ ही बिजनौर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल समद आजाद को भी पश्चिमी जोन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। अब्दुल समद आजाद कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। इस समय आज़ाद जिला कांग्रेस कमेटी में जिला सचिव हैं। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनको प्रदेश में पदोन्नति दी है।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल का 40वां भव्य एनुअल डे कार्यक्रम कल

## महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ होंगे मुख्य अतिथि

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह ने बताया कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल 13 दिसंबर, शनिवार को शाम 4 बजे भव्य एनुअल डे का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। वह आज दोपहर अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिन से इस अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 'वन अर्थ वन फैमिली' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 77वें वंशज लक्ष्यराज सिंह चौहान मेवाड़ से मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे हैं। उनके साथ



पत्रकारों से वार्ता करते हुए राणा प्रियंकर सिंह

मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत सेवा मेडल सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई अनेक विभूतियां भी आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि एनुअल डे के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के सभी अभिभावक, शिक्षकों, छात्राओं में भारी उत्साह है। स्कूल का समस्त स्टाफ पिछले 15 दिन से इस कार्यक्रम की तैयारी में लगा हुआ है। लगभग 15 हजार कार्ड इस कार्यक्रम के बांटे जा चुके हैं।

### स्कूल में स्पोटर्स अकादमी की स्थापना हुई

**प्रियंकर राणा ने बताया कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल अब शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय शुरुआत करने जा रहा है उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना हो चुकी है जिसमें प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों को घुड़सवारी, बास्केटबॉल, क्रिकेट, इस कैटिंग, शूटिंग फुटबॉल आदि का प्रशिक्षण योग्य शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी एसके देवरा भी मौजूद रहे।**

# डीएम ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

## अलाव व्यवस्था का भी जायजा लिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने रात्रि में नगर पालिका बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरा तथा शहर के मुख्य चौराहों पर जलाए जाने वाले अलाव का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम इंदिरा बाल भवन के करीब स्थानीय नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरे का मुआयना किया और वहां रात्रि में प्रवास करने वाले लोगों के रात्रि विश्राम एवं उन्हें ठंड से सुरक्षित रखने के लिए लिहाफ़, गद्दे, बैड आदि व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत रैन-बसेरे में प्रवास करने वाले यात्रियों एवं बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखें। उसके बाद जिलाधिकारी ने शहर बिजनौर के मुख्य चौराहों यथा रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका चौक, शक्ति चौक, जजी चौक,



जानी का चौराहा सहित अलाव जलाए जाने वाले चयनित स्थानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि सभी चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था बनाए रखें और यदि रात्रि में कहीं कोई असहाय व्यक्ति या यात्री सहायता योग्य पाया जाए तो तत्काल रैन-बसेरे में उसके प्रवास की व्यवस्था करें। उन्होंने जिले के सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोई भी लाचार एवं परदेसी व्यक्ति ठंड में ठिठुरते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बिजनौर (चिंगारी)।** फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेंदु ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाने और शादी का दबाव डालने के मामले में आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मुकुल कुमार राठौर के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना चांदपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि आरोपी रिजवान उसकी नाबालिग पुत्री का स्कूल जाते समय पीछा करता था और किशोरी को डराता-धमकता था और शादी के लिए दबाव डालता था। एक दिन स्कूल जाते समय आरोपी रिजवान ने वादी की पुत्री को अपने घर में खींच लिया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसकी वीडियो बनाई और धमकी दी अगर युक्त घटना की जानकारी किसी को दी तो वह वीडियो वायरल कर देगा और उसके छोटे भाई को भी मार देगा। आरोप लगाया कि आरोपी रिजवान वादी की पुत्री को ब्लैकमेल कर जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता आ रहा है। आरोप लगाया कि पांच सितंबर 2025 को रिजवान ने वादी की नाबालिग लड़की के साथ मारपीट की और शादी करने को दबाव डाला, जिसकी शिकायत उसने अपने परिजनों से की। आरोप लगाया कि रिजवान उसके बाद कुछ अज्ञात लड़कों को लेकर आया और धमकी दी कि उसकी शादी पीड़िता से नहीं कराई तो वह जान से मार देगा। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट की गई तथा विवेचना के बाद पुलिस ने रिजवान के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। उक्त मामले में न्यायाधीश ने आरोपी रिजवान के अपराध को गंभीर मानते हुए उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

## किशोरी से छेड़छाड़ मामले में 20 माह का कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) प्रकाश चंद्र शुक्ला ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में सोनू उर्फ अनिकेत को दोषी पाते हुए 20 माह का कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अर्थदंड की धनराशि में से दो हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिये हैं। विशेष लोक अभियोजक योगेंद्र कुमार के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना मंडावली में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि 15 अप्रैल 2021 को शाम के समय उसकी नाबालिग लड़की पानी लेने नल पर गई थी। इस दौरान सोनू उर्फ अनिकेत वादी की पुत्री को एक हजार रुपये देने लगा और हाथ पकड़कर साथ चलने के लिए जबरदस्ती करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर वादी का छोटा भाई और पत्नी बाहर आए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश प्रकाशचंद शुक्ला ने सोनू उर्फ अनिकेत को दोषी पाते हुए 20 माह का कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अभियुक्त को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में दोष मुक्त कर दिया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। शहर कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने 28 नवंबर 2025 को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम शेखपुरा निवासी विकुल मलिक पुत्र ज्ञान सिंह ने उससे शादी का वादा कर दुष्कर्म किया, लेकिन बाद में धोखा दे दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर शहर कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने गुरूवार को दबिश देकर आरोपी विकुल मलिक को उसके गांव शेखपुरा को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है।

# नन्हे गज शावक को नहीं मिल रहा स्थायी ठिकाना

## फिलहाल रेंज कार्यालय में मेहमान बनकर रह रहा

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर रेंज में एक सप्ताह पूर्व मादा हाथी (बूढ़ी मां) द्वारा जन्म देते ही अपनी जिंदगी से बेदखल किए गए नवजात गज शावक को उसका स्थायी ठिकाना नहीं मिल पा रहा है। वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों द्वारा नन्हे हाथी की मंजिल का परवाना न भेज जाने से फिलहाल बेबी एलिफेंट रेंज कार्यालय में मेहमान बन कर रह रहा है।

गौरतलब है कि बीते सप्ताह गुरुवार को बढ़ापुर रेंज की कक्ष संख्या 6 रामजीवाला में गश्त कर रही वन विभाग की टीम को एक नवजात हाथी का बच्चा झुण्ड से बिछड़ा हुआ मिला था। तब वह मात्र दो दिन का बताया जा रहा था। झुण्ड से बिछड़े नवजात शावक को उसकी मां से मिलाने के लिए वन विभाग और हाथी विशेषज्ञों की टीम ने तीन बार नवजात को उसकी मां से मिला दिया था किंतु नवजात बेबी एलिफेंट को उसकी मां ने अपनाया नहीं था। वन अधिकारियों द्वारा इस संबंध में बताया गया कि नवजात गज शावक की मां बहुत बूढ़ी है जो उसका पालन पोषण नहीं कर सकती शायद इसलिए उसने जन्म देने के तुरंत बाद ही नवजात को छोड़ दिया है।



मां की बेरुखी के चलते नवजात को उसकी मां से मिलाने के वन विभाग द्वारा किए गए सभी प्रयास विफल होने के बाद नवजात को तीन दिन पूर्व जंगल से लाकर रेंज कार्यालय परिसर में रखा हुआ है। और वन विभाग द्वारा नवजात को स्थायी ठिकाना दिलाने के लिए वाइल्डलाइफ चीफ लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया था। जिसका परवाना अभी तक रेंज अधिकारियों को नहीं मिल पाया है। सूत्र बताते हैं कि वाइल्डलाइफ चीफ अवकाश पर चल रहे हैं। जिसके चलते नवजात गज शावक का परवाना पहुंचने में विलंब हो रहा है।

फिलहाल नन्हा हाथी बढ़ापुर रेंज कार्यालय में अतिथि के रूप में रह रहा है। जहां वन्य जीव चिकित्सक विशेषज्ञ की देखरेख में उसे दूध, नारियल पानी और दवाइयां दी जा रही है। इस संबंध में नजीबाबाद डिविजन के डीएफओ अभिनव राज बताते हैं कि आज शाम तक नन्हे हाथी को किस पुनर्वास केंद्र में भेजा जाएगा इसका आदेश वाइल्डलाइफ से मिल जाएगा। आदेश मिलने के बाद शावक को यहां से रवाना कर दिया जाएगा।

## सार संक्षिप्त

### कुटुम्ब व्यवस्था के कारण भारत विश्वगुरू कहलाता था: फूलमाला



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहू छजमलदास रामरक्षपाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मौहल्ला मजीदगंज में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरातन छात्रा यशी (रानी लक्ष्मीबाई), पुरातन छात्रा निलाक्षी, मुख्यअतिथि जूही (सब इंस्पेक्टर) ने भूमिका निभाते हुए महिलाओं की भूमिका व हेलमेट का महत्व के बारे में चर्चा कर इसके प्रति सभी को जागरूक किया। छात्राओं को सीट बेल्ट का महत्व भी बताया गया। मुख्यवक्ता फूलमाला ने कुटुम्ब प्रबोधन व पर्यावरण विषय पर बोलते हुए बताया कि कुटुम्ब व्यवस्था के कारण भारत विश्वगुरू कहलाता था। कुटुम्ब एक विस्तृत परम्परा है। हमारी पहचान व हमें मजबूती प्रदान करने वाली संस्थान कुटुम्ब है। विवाह एक संस्कार व समर्पण है। आश्रम के चार प्रकार होते है, ब्रहाचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम। गृहणी की भूमिका परिवार में रीढ़ की हड्डी के समान है। हमें अपने परिवार को प्यार, विश्वास व विनम्रता से बांधना है। मुख्यवक्ता कुमुद शर्मा ने कहा कि हमें गुलामी से बचने के लिए जागरूक होना होगा वरना फिर से गुलामी की जंजीरों के लिए तैयार रहे। प्रधानाचार्य केशव देव शर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संगीता जैन सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार तथा अध्यक्ष संतोष बाला आर्य मौजूद रही। सभी ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की।

### कारों की आपसी भिड़ंत में राजीव चौहान एड. गंभीर रूप से घायल



बरुकी ( चिंगारी )। बिजनौर-नगीना रोड स्थित पीली चौकी पुल पर गुरुवार को दो कारों की आमनेङ्कसामने ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में पूर्व ज़िला बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और राहत कार्य शुरू किया। घायल एडवोकेट राजीव चौहान को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजीव चौहान नगीना से बिजनौर की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार पीली चौकी पुल पर पहुँची, तभी सामने से आ रही एक अन्य कार अनियंत्रित होकर उनकी कार से टकरा गई। पुलिस दोनों वाहनों को हटवाकर सड़क को सुचारु कराने में जुटी है तथा हादसे की वजह की जांच कर रही है।

## दिल्ली धरने में बिजनौर जिले से सैकड़ों शिक्षकों ने किया प्रतिभाग



नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय आव्हान पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने की मांग को लेकर देशभर से लाखों शिक्षकों तथा बिजनौर जिले से सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। टेट अनिवार्यता के विरोध तथा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर प्रदेश सहित देशभर के शिक्षकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व तथा प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन के सहयोग से जनपद बिजनौर से सेंकड़ों. शिक्षकों ने दिल्ली धरने में प्रतिभा किया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। दिल्ली धरने में शामिल होने वालों में संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन, जिलाध्यक्ष सुधार चैधरी, जिला महामंत्री ज्योति प्रकाश गहलौत, नवरतन सिंह, अजय पाल सिंह, अंकित चिकारा, राजीव कुमार, विपुल तोमर, राजपाल, सुधीर कुमार, रईस अहमद आदि उपस्थित रहे।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुवार शाम ग्राम सौफतपुर में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोनों पक्ष अलग - अलग सम्प्रदाय के होने के कारण कुछ लोगों द्वारा मामले को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर निवासी रवि कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कल वह सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी से अपने घर जा रहा था। गांव के ही दो भाइयों शौकत व सदाकत ने उसे अपने घर के सामने रोक लिया तथा गाली - गलौंच व मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी भी देने लगे। रवि का कहना है कि उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने शौकत व सदाकत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि रवि जब अपने घर जा रहा था, तो रास्ते में शौकत के घर के सामने शौकत के बच्चे को उसका हाथ लग गया था। बच्चे ने उसे गाली दे दी थी , तो रवि ने बच्चे को दो थप्पड़ मार दिये थे। इसी बात को लेकर शौकत व उसके भाई सदाकत ने रवि के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने उक्त घटना को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना दोनों पक्षों के बच्चों के बीच हुए विवाद के कारण हुई है। कुछ लोगों द्वारा इस घटना को साम्प्रदायिक विवाद के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है , जो कि पूरी तरह से निराधार है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



दोनों पक्षों में होती मारपीट का दृश्य

## रम्मनवाला में अवैध रूप से मिट्टी के खनन का खेल जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के कुछ खनन माफिया को पुलिस प्रशासन का खौफ नहीं है। मिट्टी खनन के पट्टों की आड़ में कई स्थानों पर अवैध खनन का खेल जारी है। नजीबाबाद तहसील के ग्राम किशोरपुरा उर्फ रम्मनवाला में मिट्टी खनन के पट्टे की आड़ में कुछ लोग रातों-रात बड़े पैमाने पर मिट्टी के अवैध खनन का धंधा चला रहे है। मिट्टी खनन माफिया क्षेत्र में खुले आम अवैध रूप से मिट्टी खनन का काम कर रहे है। खनन माफिया पट्टे के खनन का काम दिन में तथा पट्टे की आड़ में होना वाला मिट्टी खनन का काम रात के अंधेरे में करते है। जिससे किसी को पता न चल पाए। डीएम का रात में किसी तरह के भी खनन कार्य पर रोक है। इसके बावजूद खनन माफिया इस तरह से अवैध मिट्टी खनन का कार्य कर डीएम व एसडीएम के आदेश की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे है। बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन से राजस्व की चोरी हो रही है।

रम्मनवाला में अवैध रूप से चल रहा मिट्टी खनन।






## आरबीडी की छात्राओं ने किया पुलकित हॉस्पिटल का भ्रमण



बिजनौर ( चिंगारी )। गुरुवार को आरबीडी कॉलेज की बीबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट की छात्राओं ने पुलकित हॉस्पिटल का भ्रमण किया। छात्राओं ने हॉस्पिटल में अलग-अलग विभागों का भ्रमण कर जानकारी ली। छात्राओं को डॉक्टरों की टीम ने हॉस्पिटल के सभी विभागों के बारे में बारीकी से समझाया।




## रिकवरी के लिये गये बैंक प्रबंधक पर गाली-गलौच कर हमला किया

### बैंककर्मियों में रोष, घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई



बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की इस्लामाबाद शाखा के प्रबंधक दलीप कुमार पाल व द्वितीय अधिकारी सुभाष चंद के साथ रिकवरी कार्य के दौरान एक व्यक्ति द्वारा गाली-गलौच व बदसलूकी करने की घटना से बैंककर्मियों में रोष व्याप्त हो गया। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए बढ़ापुर थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए हमलावर की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की इस्लामाबाद शाखा के प्रबंधक दिलीप कुमार पाल व द्वितीय अधिकारी सुभाष चंद कल 11 दिसम्बर को लोक अदालत व रिकवरी कार्य के लिये ग्राम रायपुर गढ़ी गये थे। उक्त दोनों के अनुसार वे गांव में एक कस्टूमर साकिब अंसारी से बात कर रहे थे कि तभी ग्राम तिगरी अनूप सिंह निवासी कपिल राजपूत गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर आया और बैंककर्मियों को गाली-गलौच करने लगा। मना करने पर वह ट्रैक्टर से उतरा और शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार व सुभाष चंद पर हमलावर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बैंककर्मियों में रोष व्याप्त हो गया। वे इकट्ठा होकर थाने पहुंचे और कपिल राजपूत के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोएिशन ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए हमलावर की गिरफ्तारी की मांग की है।

## साहब हमारे घर बचा लो, बुलडोजर चला तो हम सड़क पर आ जाएगे

### भागूवाला के रोते हुए पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम से कहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भागूवाला क्षेत्र के काफी महिला-पुरूष ग्रामीणों ने रोते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर न्याय दिलाने की गुहार लगाते हुए कहा साहब हमारे घर बचा लो अगर बुलडोजर चला तो हम बर्बाद हो जाएंगे, सड़क पर आ जाएगे। पांच दिन बाद उनके घर व दुकानों पर हाईवे अर्थॉरिटी ने बुलडोजर चलवाने का नोटिस दिया है। भागूवाला में काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन के निकट एनएचएआई को बस स्टैंड बनाना है। नवंबर माह में 34 लोगों को दुकानें व आवास हटाने का नोटिस मिला है। गुरूवार को एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के कार्यालय में भागूवाला की काफी महिलाओं व पुरुषों ने रोते हुए प्रवेश किया। महिला मुन्नी देवी का कहना था कि उसकी पुत्री की शादी है। पति मर चुके हैं, एनएचएआई ने उनके घर पर बुलडोजर चलाया तो वह सड़क पर आ जाएंगे। मजदूर पेशा यादराम, प्रेमवती, लक्ष्मी, प्राची, सुहानी, शुभम, कमलेश ने बताया कि वर्ष 2019 के बाद अचानक नवंबर में भूमि अध्यापित अधिकारी बिजनौर ने भागूवाला क्षेत्र के 34 ग्रामीणों को हाईवे अर्थॉरिटी के दबाव में नोटिस जारी किए हैं। एनएचएआई अधिकारी दो दिन पूर्व बुलडोजर लेकर पहुंचे थे। पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों का ढांढस बंधाते हुए मुआवजा आदि की कानूनी प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। एनएचएआई के पीडी शंकेश शर्मा ने बताया कि करीब तीन साल पहले जिला प्रशासन को मुआवजा संबंधी धनराशि जारी की जा चुकी है। भूमि विवाद का एनएचएआई से संबंध नहीं है। भागूवाला क्षेत्र में फोरलेन के शेष कार्य जल्द पूरा किया जाना हैं।



एसडीएम से न्याय की गुहार लगाते पीड़ित ग्रामीण।

# गढ़वाल रायफल ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई रहे मुख्य अतिथि

नगीना ( चिंगारी )। ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में गढ़वाल राइफल की टीम ने नोएडा (नाइजीरियन) की टीम को 3-1 के स्कोर से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मुख्य अतिथि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट ने विजेता टीम के कप्तान को चमचमाती हुई ट्रॉफी व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया।

बृहस्पतिवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के पास स्थित मैदान में हुए याद-ए-ख़लील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नोएडा (नाइजीरियन) व गढ़वाल राइफल की टीम के बीच हुआ। मुख्य अतिथि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल पर किक मारकर फाइनल मुकाबले का विधिवत शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा स्कोर एक-एक की बराबरी पर रहा। बाद में परिणाम निकालने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें गढ़वाल राइफल की टीम नोएडा की टीम पर भारी साबित हुई। अतिरिक्त समय में गढ़वाल राइफल की टीम ने दो गोल मारकर 3-1 से टूर्नामेंट जीत लिया। मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने विजेता टीम के कप्तान बादल रावत को चमचमाती हुई ट्रॉफी व 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। जबकि उपविजेता टीम के कप्तान साबू को रनर टॉफी व 25 हजार रुपये की नकदी दी गई।

मैच में रैफरी कुशाल रावत, दीपक सैनी, सुभाष कपूर उर्फ़ पप्पी, कमैंन्ट्रेटर मास्टर शहज़ाद आज़म मुल्तानी, इरफ़ान अंसारी रहे। इस मौक़े पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, सचिव नौशाद अप्पा, कुंवर अमरजीत सिंह, युवा फाउंडेशन पौड़ी के प्रभारी जयवीर रावत, गढ़वाल राइफल टीम के कोच सूबेदार अरुण नेगी, चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील,भाजपा नेता डॉक्टर भूपेश चौहान, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद शानू, नासिर मुल्तानी, शेख जमशेद, जुबैर जैदी, शेख सद्दन आदि मौजूद रहे।



खिताब जीतने के बाद गढ़वाल राइफल टीम के कप्तान को विजेता ट्राफी देते अतिथि।

### पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये

फाइनल मुकाबले में नोएडा (नाइजीरियन) की टीम के पहुंचने के बाद नगीना के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह था। सेमी फाइनल मुकाबले में उमड़ी भीड़ के बाद पुलिस प्रशासन ने फाइनल मुकाबले के लिए भारी सुरक्षा इंतजाम किए थे। खुद पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी सर्कल के सभी थानों की पुलिस के साथ फाइनल मुकाबले में प्रारंभ से अंत तक डटे रहे। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन नगीना के अधिकतर खेल प्रेमियों का समर्थन नाइजीरियाई टीम के साथ दिखाई दिया।

### नगीना में स्टेडियम बनवाने का आश्वासन

टूर्नामेंट का फाइनल मैच समाप्त होने के बाद अपने संबोधन में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट ने अपने संक्षिप्त संबोधन में दोनों टीमों के खेल की जहां तारीफ की वहीं आश्वासन दिया कि वह नगीना में स्टेडियम बनवाने के लिए भरसर प्रयास करेंगे। उनकी इस घोषणा के साथ नगीना के खेल प्रेमी बेहद गद्‌गद् नजर आए। उधर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने भी नगीना में स्टेडियम अतिशीघ्र बनवाए जाने का भरोसा दिया।

### शेख़ शाहनवाज ने सम्मानित किया

चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने मुख्यमंत्री के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट को नगीना काष्ठ कला की एक बड़ी घड़ी स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। उधर मुख्यमंत्री के भाई के फाइनल मुकाबले में पहुंचने के बाद फाइनल मुकाबला वीवीआईपी बन गया।

### 'मेरा सम्मान आपके हाथ में'

गढ़वाल राइफल की टीम का हौसला बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले को देखने पहुंचे मुख्यमंत्री के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते समय उनका हौसला बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने गढ़वाल राइफल की टीम के खिलाड़ियों से कहा कि मेरा सम्मान आज आपके हाथ में है और खिलाड़ियों ने उनकी इन बातों को अपने खेल के जरिए सार्थक कर दिखाया। फाइनल मुकाबले में उमड़ी दर्शकों की भीड़ ने एक बार फिर नगीना में स्टेडियम बनाए जाने की मांग को ताकत दे दी है।



नगीना में हुए फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पत्रकार गौरव गोयल को स्मृति देकर सम्मानित करते प्रदेश के मुख्यमंत्री के भाई सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट।








यूपी के मुख्यमंत्री के भाई व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते शेख शाहनवाज खलील।



फाइनल मुकाबले के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर

पत्रांक:- 1834/न.पा.परि.बिज./2025-26 दिनांक-11-12-25

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं सेग्रिगेशन हेतु जनजागरूकता एवं आईईसी गतिविधियों हेतु कार्यालय जिलाधिकारी बिजनौर के पत्र संख्या-227/21-एलबीसी-2025 दिनांक 08 सितम्बर, 2025 पर पृठांकित प्रमुख सचिव, उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ के संख्या-5474/नौ-5-2025-464 सा/2018 दिनांक 01 सितम्बर, 2025 एवं राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के पत्र दिनांक 12. 07.2025 के अनुपालन में स्वच्छ भारत मिशन / राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराना चाहती है-

| क्र.सं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि ( जीएसटी सहित ) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र शुल्क ( जीएसटी सहित ) | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्रत्येक वार्ड/मौहल्ले तथा निकाय स्तर पर कूड़े के डोर-टू-डोर कलेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन हेतु प्रशिक्षण का कार्य। | 406000.00 | 10000.00 | 1180.00 | 03 माह |
| 2. | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत जनमानस द्वारा घरों पर सूखे व गीले कूड़े को पृथककृत किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाईड लाईन के अनुसार Interpersonal Communication (IPC) के द्वारा जन जागरूकता एवं व्यवहार परिर्वतन का कार्य। | 1257480.00 | 40000.00 | 4720.00 | 03 माह |
| 3. | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत जनमानस द्वारा घरों पर सूखे व गीले कूड़े को पृथककृत किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाईड लाईन के अनुसार Mid Media, Mass Media, social Media & Strategic partnership and collaboration के द्वारा जन जागरूकता एवं व्यवहार परिर्वतन का कार्य। | 838320.00 | 30000.00 | 3540.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा दिनांक 12-12-25 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 22-12-25 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित करती है, जो दिनांक 23-12-25 को सायं 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा की समस्त शर्ते नियत दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**


## जज़्बात

हूं तो गुलाब हूं मैं, न हूं तो आफ़ताब हूं मैं
खुशबू की तरह बिखर जाऊं, कुछ ऐसी किताब हूं मैं
रस्तों पर जो ठहर जाए, वह पहली-सी बात हूं मैं
यादों की रात तनहाई में, बजती हुई सांस हूं मैं
आंखों में चमक बनकर, दिल में उतर आती हूं मैं
जैसे किसी की चाहत में, हल्की-सी शरारत हूं मैं
जब मौसम दिल पर उतरें, मैं रंगों की बरसात हूं मैं
जो दिल को छू जाए आहिस्ता, वह नरम-सी हवा हूं मैं
दुनिया ने पहचाना कम मुझको, अपनी अलग ताब हूं मैं
प्यार का एक मामूली-सा शब्द नहीं, जज़्बात हूं मैं
-मिस हुसैन

ہوں تو گلاب ہوں میں، نہ ہوں تو آفتاب ہوں میں
خوشبو کی طرح بکھر جاؤں، کچھ ایسی کتاب ہوں میں
رستوں پہ جو ٹھہر جائے، وہ پہلی سی بات ہوں میں
یادوں کی شبِ تنہائی میں، بجتی ہوئی ساعت ہوں میں
آنکھوں میں چمک بن کر، دل میں اتر آتا ہوں میں
جیسے کسی کی چاہت میں، ہلکی سی شرارت ہوں میں
جب موسم دل پر اتریں، میں رنگوں کی برسات ہوں میں
جو دل کو چھو جائے آہستہ، وہ نرم سی ہوا ہوں میں
دنیا نے پہچانا کم مجھ کو، میں اپنی الگ تاب ہوں میں
پیار کا ایک معمولی سا لفظ نہیں، جذبات ہوں میں
مس حسین



## बूथ स्तर पर उपलब्ध करायी जाएगी छूटे नामों की सूची- चुनाव आयोग

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। चुनाव आयोग ने कहा है कि जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में इस समय मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) का काम चल रहा है, वहां नयी सूची का मसौदा प्रकाशित किये जाने से पहले ही उन मतदाताओं की बूथ-वार सूची बूथ-स्तरीय अधिकारियों ( बीएलओ ) के साथ-साथ राजनीतिक दलों के नामित एजेंटों ( बीएलए ) को भी उपलब्ध करायी जाएगी, जो गणना फार्म भरे जाने के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत पाये गये थे या जिनके नाम दो जगह चिह्नित हैं। आयोग ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बिहार में सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान भी ऐसा ही किया गया था। आयोग ने कहा है कि इन सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में लगभग पांच लाख बीएलओ और 12 लाख बीएलए के साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दो जगह पंजीकृत नामों ( एएसडी ) की बूथ-वार सूचियां सौंपी जाएंगी।

# आईएचएमएस कोटद्वार के 17 छात्रों का हुआ फाइव स्टार होटलों में चयन

## होटल मैनेजमेंट कोर्स बीएचएम के अंतिम वर्ष के छात्रों को ट्रेनिंग के बाद मिली नियुक्ति

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स बीएचएम की शिक्षा ले रहे 17 छात्रों का देश के प्रतिष्ठित फाइव स्टार होटलों के लिए चयन हुआ है।

कॉलेज के ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर हर्षपाल सिंह रावत ने बताया कि कॉलेज में संचालित होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स बीएचएम के अंतिम वर्ष के 17 छात्रों ने देश के प्रतिष्ठित होटल ताज जम्मू, ऑबराय पैलेस उदयपुर, हयात सैंट्रिक देहरादून, रेडशन ब्लू कौशांबी, वैस्टीन जयपुर, जे.डब्लू मैरोट चंडीगढ़ और हॉलीडे इन गुरुग्राम में ट्रेनिंग की, जिसके बाद इन्हीं होटलों में विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन हो गया है।



कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजयराज नेगी ने बताया कि संस्थान में होटल मैनेजमेंट के तीन वर्षीय डिग्री कोर्स बीएचएम और एक वर्षीय सर्टिफ़ीकेट कोर्स सीएमच, कंप्यूटर साइंस में बीसीए, बीएससी-आईटी, एमसीए और मैनेजमेंट के कोर्स बीबीए, एमबीए में शिक्षा लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ रोजगार परक शिक्षा भी दी जाती है, जिसके कारण कोर्स के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आने वाली कंपनियों में आसानी से चयन हो जाता है।

### इन छात्रों का हुआ चयन

**होटल मैनेजमेंट बीएचएम बैच 2022-2026 के छात्र अभिषेक सिंह, अम्युदय रावत, आशुतोष चंद्र, आयुष कुमार, दिलीप सिंह असवाल, मो. मुजम्मिल, मोहित सिंह असवाल, प्रशांत कुलाश्री, प्रियांशु गौड़, राहुल सिंह रावत, रोहित सिंह बिष्ट, सागर पटवाल, शिभम रावत, शिभम सिंह, सुयश चौहान, टिंकू और विवेक खत्री का चयन उक्त फाइव स्टार होटल में हुआ है।**

# उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा प्रशिक्षण केन्द्र में राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह का हुआ शुभारंभ

### प्रशिक्षणार्थी बांस व रिंगाल से तैयार करेंगे उत्पाद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के पनियाली स्थित उत्तराखंड बांस एवं रेशा प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 20 प्रशिक्षणार्थियों का दो माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है, जिसका संचालन जिला उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया वोकल फॉर लोकल का नारा ऐसे ही कार्यक्रमों के माध्यम से साकार हो रहा है। इस प्रशिक्षण से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की अवधारणा कुटीर एवं लघु उद्योगों के सशक्तिकरण से ही संभव होगी। वहीं उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के सहायक निदेशक नलिन राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए आयोजित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय बांस एवं रिंगाल से 30 से अधिक प्रकार के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। साथ ही तैयार उत्पादों की मार्केटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार की प्रबंधक उपासना सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा जो बांस एवं रिंगाल आधारित कार्य करना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से लोग कुटीर उद्योग से लेकर बड़े उद्योग तक स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात चयनित प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में सहभागिता का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के कार्मिक, अन्य अधिकारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष का सम्मान किया

### कोटद्वार संगठन के सामने उज्जवल भविष्य : नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार कांग्रेस की ओर से पिछले दो दिनों में आयोजित कार्यक्रमों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया है। कार्यक्रमों से प्रेरित होकर कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव के साथ संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। गुरूवार को जानकारी देते हुए वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन खर्कवाल ने बताया कि कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को दुर्गापुरी रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास नेगी व महानगर अध्यक्ष मीना बछुवाण के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व मेयर हेमलता नेगी व वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि पार्टी के कोटद्वार संगठन के सामने उज्ज्वल भविष्य है और नव-नियुक्त पदाधिकारी पार्टी को नई दिशा, नई ऊर्जा और मजबूत आधार प्रदान करेंगे। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए जनता से जुड़कर सेवा-भाव से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं द्वितीय दिवस बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस तरह के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा क्योंकि कांग्रेस की राजनीति जनता के मुद्दों पर आधारित है।

# आंचल नेगी ने करके रक्तदान, अनजान महिला की बचाई जान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बेस हॉस्पिटल में गुरूवार को नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने मानवता का उदाहरण पेश किया। संगठन के अध्यक्ष अनुराग कंडवाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती रिखणीखाल निवासी संतोषी देवी की पीलिया तथा खून की अत्यधिक कमी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा मदद की गुहार लगाई गई। सूचना मिलते ही नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के कार्यकर्ता तुरंत बेस हॉस्पिटल पहुंचे, जहां पर संस्था की स्वयंसेवी कुमारी आंचल नेगी का रक्त ग्रुप मरीज से मैच होने पर उन्होंने बिना देर किए तात्कालिक रक्तदान किया, जिससे मरीज की जान सुरक्षित हो पाई। कहा कि संगठन के कार्यकर्ता पहले भी रक्तदान करते आए हैं और भविष्य में भी तत्पर रहेंगे। संस्था द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की अस्पताल प्रशासन एवं परिजनों ने सराहना की।

# शानदार ढंग से हुआ चांद मौला बख्श की बेटी का विवाह

### दो दिन तक पूरा माहौल संगीत में डूबा रहा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इन दिनों शादियों की धूम है, लेकिन प्रख्यात समाजसेवी चांद मौला बख्श की सुपुत्री का शानदार विवाह पूरे जिले में चर्चा का विषय रहा, जिसमें सभी आम ओ खास जुटे। प्रदेश के छोटे बड़े नेता, गरीबों की मसीहा माता मंगला और भोले महाराज, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और देश विदेश से आए मेहमानों ने शिरकत की। गायक पद्मश्री कैलाश खैर और प्रख्यात सूफी गजल गायक चांद अफजल के सुरों ने भी दो दिनों तक समां बांधे रखा। पारंपरिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों से चांद मौला बख्श की पुत्री अर्शी का निकाह शेख मोहम्मद शकील के सुपुत्र शहजार के साथ शानो शौकत के साथ संपन्न हुआ। शादी से पूर्व उद्योगपति चांद मौला बख्श ने 170 दिव्यांग तथा 130 मदरसे में तालीम हासिल करने वाले बच्चों को वस्त्र, उपहार तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की। शादी का मुख्य कार्यक्रम 10 दिसंबर को था लेकिन शादी की धुम 6 दिसंबर से शुरू हो गई थी। चिंगारी परिवार नवविवाहित जोड़े की सलामती व सुखमय जीवन की कामना करता है।



# डीएम ने ली मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा बैठक

### लंबित मामले समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने ऋषिपर्णा सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएम ने सभी विभागों द्वारा घोषणाओं पर की गई प्रगति की विस्तृत जानकारी लेने के साथ लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं प्राथमिकता वाले कार्य हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागवार प्रस्तुतियों का अवलोकन करते हुए धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान आवास, एमडीडीए, नगर निगम, खेल, युवा कल्याण आदि विभागों में भूमि चयन समस्या के कारण लंबित घोषणाओं पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि संबंधित एसडीएम के साथ समन्वय करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि दूसरे विभाग से संबंधित जिन घोषणाओं को स्थानांतरित किया जाना है। उनका प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर संबंधित विभागों को तत्काल उपलब्ध करें। सभी विभाग सीएम घोषणाओं की प्रगति को तत्काल रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम घोषणाओं में किसी प्रकार का कोई तर्क, वितर्क, देरी, लापरवाही क्षम्य नहीं है।



बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2021 से अब तक कुल 491 घोषणाएं की गई। इसमें से 305 घोषणा पूर्ण कर ली गई है तथा 107 घोषणाओं में कार्य प्रगति पर है और 76 घोषणाओं में शासन एवं विभागीय स्तर कार्यवाही गतिमान है। जबकि तीन घोषणाओं को मर्ज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की 10, आवास की 05, पेयजल की 07, शहरी विकास 12, समाज कल्याण की 10, विद्यालयी शिक्षा की 09, वन विभाग 04, पर्यटन 06, युवा कल्याण 04, पंचायती राज 03, बाल विकास 02 आदि पर घोषणाओं गतिमान है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमके शर्मा, सीईओ वीके ढ़ौडियाल, डीडीओ सुनील कुमार, डीएसटीओ एसके गिरी सहित सभी संबंधित विभागों वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्या मंदिर में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर देश की गौरवमय नारी शक्ति रानी लक्ष्मीबाई, माता जीजाबाई, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, हरमनप्रीत कौर, व्योमिका सिंह एवं सोफिया कुरेशी जैसी आदर्श शक्तियों के जीवन प्रसंगों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर यामिनी देवी, मोनिका शर्मा, सर्वेश कुमारी, रूपांजलि, मुख्य अतिथि श्रीमती निधि गुप्ता, अध्यक्षा श्रीमती रीता रानी, आभा रानी, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा आदि ने अपने विचार रखें। बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा रानी ने बताया कि आज की माता बहनों को आत्मनिर्भर और स्वयं सुरक्षा के सभी प्रकार के उपाय में दक्ष बनना है। कार्यक्रम की संचालन आचार्या श्रीमती सर्वेश कुमारी एवं कुश रूपांजलि ने किया। प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने बताया कि आज के समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य माता और बहनों को समाज की विकृतियों का सामना करते हुए उन्हें अपनी संतानों का मार्गदर्शन करने का उपाय बताना है।



# नगीना लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना की मांग

### सांसद चन्द्रशेखर ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। इस मुद्दे को क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने संसद में पूरे दम के साथ उठाया है। उन्होंने सदन में ईवीएम के स्थान पर बैलेट वोट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती का प्रश्न भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने नगीना और आसपास के क्षेत्र की स्वास्थ्य जरूरतों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में एम्स स्थापना अब समय की मांग बन गई है।



सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2024 के दस्तावेज़ों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य अब तक एम्स जैसी सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्था की स्थापना के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाया है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि दस्तावेज़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्वास्थ्य संरचना अत्यंत जर्जर अवस्था में है। ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहद कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्रों में एम्स की स्थापना से न केवल इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि गंभीर रोगों के उपचार में भी क्रांतिकारी सुधार होगा। नगीना जैसे पिछड़े क्षेत्र में एम्स की स्थापना से जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों तक लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

सांसद चंद्रशेखर ने सदन में यह भी कहा कि नगीना क्षेत्र सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी गंभीर बीमारी की स्थिति में दिल्ली या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर हैं। यदि क्षेत्र में एम्स की स्थापना होती है, तो लाखों परिवारों को जीवनदान जैसा लाभ मिलेगा।

# साइम राजा के प्रयासों से बूथ संख्या 74 व 75 पर शत-प्रतिशत हुआ SIR कार्य

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में एसआईआर का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब प्रत्येक बूथ पर बीएलओ, एएसडी का सत्यापन करेंगे। बूथ संख्या 74 मीठा शहीद आंशिक में 922 मतदाता हैं। सर्वे में 227 मतदाता एएसडी पाये गये। वहीं बूथ संख्या 75 मीठा शहीद आंशिक व हसनपूरा में कुल मतदाता 1022 हैं। इस बूथ पर सर्वे में 291 एएसडी मिले। बूथ संख्या 74 पे शहनाज बानो व बूथ संख्या 75 पे सबीहा नाज बीएलओ हैं। इन बूथों पर मौ. दानिश ने लगातार बूथ पर सहयोग करते हुए लोगों को एसआईआर फार्म पहुंचाये। मौ. दानिश की मेहनत व सहयोग की प्रशंसा हो रही है। बूथ संख्या 74 और 75 पर एसआईआर कार्य 100 प्रतिशत हो गया है। इसके प्रयास में सपा नेता साइम राजा ने सहयोग दिया। किरतपुर निवासी वरिष्ठ नेता साइम राजा को सपा ने बूथ संख्या 74 और 75 पर बीएलए नियुक्त किया था। लगभग एक माह तक चले एसआईआर कार्यक्रम में सपा नेता साइम राजा ने निरंतर सहयोग करके घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रेरित किया। उनका यह प्रयास सफल रहा और बूथ संख्या 74 और 75 पर 100 प्रतिशत एसएआईआर फार्म भरे गये। साइम राजा ने मतदाताओं का धन्यवाद किया।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नहटौर मार्ग पर चौकी के पास एक अज्ञात वाहन की बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखन (45 वर्ष) पुत्र महाशय सिंह निवासी ग्राम नंदपुर, थाना बढ़ापुर, जनपद बिजनौर सोमवार को अपनी बाइक से धामपुर से नहटौर की ओर जा रहे थे। जैसे उनकी बाइक प्रयास चौकी के निकट पहुंची, तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार लखन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया।

# जीजीआईसी झालू में लगा गणित एवं विज्ञान मेला

**झालू ( चिंगारी )।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झालू में आयोजित गणित एवं विज्ञान मेला लगाया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, तैयारी और टीमवर्क से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे परिसर को विज्ञान थीम से सजाया गया था, जहां जूनियर से लेकर सीनियर वर्ग की छात्राओं ने समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर केंद्रित मॉडल प्रस्तुत किये।



मेले का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार, डॉ. निशांत यादव, जीआईसी बिजनौर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र और कॉलेज प्रधानाचार्या चारु ने संयुक्त रूप से दीप प्रजलवित कर किया। अतिथियों ने प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचकर बच्चियों से उनके मॉडल की कार्यप्रणाली समझी और उत्साहवर्धन किया। डीआईओएस जयकरन यादव ने कहा कि बच्चियों ने अपने प्रोजेक्ट्स में जो समस्याएं उठाई हैं, वे आम जीवन से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सोच और समाधान दोनों ही सराहनीय हैं। छात्राओं ने कई तरह के वैज्ञानिक मॉडल व अटल लैब मॉडल प्रस्तुत किये। विद्यालय की प्रधानाचार्या चारु ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझकर समाधान खोजने की दिशा में आगे बढ़ती हैं।

जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर सफिया एवं विशाखा, द्वितीय स्थान पर महिमा व प्रेरणा तथा तृतीय स्थान पर रिदा व शाजिया रहीं। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर श्रेया व इशिका, द्वितीय स्थान पर सोफिया, इल्मा व नाजीर तथा तृतीय स्थान रिमशा व अफीफा जावेद ने प्राप्त किया। इसके अलावा सोफिया, इशिता एवं वंशिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य चारु, रजनी श्रीवास्तव, नेहा, सुमित्रानंदनी, दीप्ति अग्रवाल, कुमारी जीनत, कैफुलवरा, तनु, सलोनी, नजराना, कनिका, पिंकी और प्रभा आदि मौजूद रही।

# पार्षद वीरेन्द्र रमोला ने की नाला निर्माण की मांग

### विधायक डॉ. प्रेमचंद को दिया ज्ञापन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गुमानीवाला क्षेत्र में लंबे समय से नाले की स्थिति से जूझ रहे स्थानीय निवासियों की समस्या के समाधान हेतु आज गुमानीवाला के पार्षद श्री वीरेंद्र रमोला जी ने क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से भेंट कर नाले के सुदृढ़ीकरण से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। पार्षद रमोला ने बताया कि यह नाला काफी समय से जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नाले के अविलंब निर्माण एवं मरम्मत की मांग रखी, ज्ञापन पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि वह गुमानीवाला क्षेत्र की इस महत्त्वपूर्ण समस्या के समाधान के लिए शासन को लिखित रूप से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र रमोला, चतर सिंह बिष्ट, कपिल नौटियाल, परशुराम गौड़, नवीन पांडे, वीरेंद्र नेगी, अवतार नेगी, शीशपाल नेगी आदि उपस्थित थे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com



# गोरखपुर का नया अध्याय

## विकास की उड़ान, बदलाव की पहचान

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के पश्चात गोरखपुर ने विकास की नई गाथा लिखी है। पूर्वांचल के हृदय में स्थित यह जनपद अब स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और अधोसंरचना के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। एम्स गोरखपुर के आरंभ से लेकर बंद पड़ी खाद फैक्ट्री के पुनर्जीवन तक, हर कदम पर सरकार ने जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता दी है। रामगढ़ ताल का कायाकल्प, हवाईअड्डे का विस्तार और सुदृढ़ सड़क संपर्क ने न केवल शहर की सुन्दरता बढ़ाई है, बल्कि व्यापार और रोजगार को भी नई गति दी है। रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण ने यात्रा सुविधाओं को और बेहतर बनाया है। डबल इंजन सरकार का संकल्प हमेशा यही रहा है कि गोरखपुर सहित पूरे पूर्वांचल को विकास की मुख्यधारा में लाया जाए। गोरखपुर अब पर्यटन निवेश, स्वास्थ्य सेवाओं और युवा अवसरों का उभरता हुआ केंद्र बन चुका है। यह परिवर्तन जनता के सहयोग, मजबूत इच्छाशक्ति और पारदर्शी शासन का परिणाम है। उत्तर प्रदेश सीएम योगी का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और समृद्ध जीवन जी सके। गोरखपुर की ये सफलताएँ 'समृद्ध प्रदेश-विकसित भारत' के संकल्प को और मजबूत करती हैं।



गोरखपुर फर्टिलाइजर



शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान गोरखपुर



गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे



### एम्स गोरखपुर स्वास्थ्य का सुपर हब

गोरखपुर में एम्स खुलने से पूर्वांचल में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ आसानी से उपलब्ध हुई। इससे नेपाल व बिहार से आने वालो को भी राहत मिली। पहले जो मरीज इलाज के लिए दिल्ली-लखनऊ जाते थे, अब वही उपचार गोरखपुर में भी सम्भव हुआ।

### रामगढ़ ताल का कायाकल्प, गोरखपुर का सबसे बड़ा पर्यटन गंतव्य

कभी गंदगी से भरा ताल, अब शानदार लेकफ्रंट, बोटिंग और एडवेंचर स्पॉट्स का केंद्र। स्थानीय व्यापार को बड़ी बढ़त और शहर को नई पहचान मिली।

### गोरखपुर हवाईअड्डा से बढ़ी रफ्तार

अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बने नए टर्मिनल से हवाई यात्राओं में वृद्धि। व्यापार, पर्यटन और ट्रैवल में तेजी आई।

### गोरखपुर रेलवे स्टेशन का मेकओवर भारतीय रेल का मॉडल जंक्शन

रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस किया गया। स्वच्छता, सुरक्षा और यात्रियों के लिए अत्याधुनिक इंतजाम।

### शिक्षा व स्टार्टअप्स में नया उभार युवा शक्ति की नई उड़ान

नए शैक्षणिक संस्थान, तकनीकी कॉलेज और स्किल डेवलपमेंट केंद्र। स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा, युवाओं के लिए नए अवसर।

### गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र का विकास आस्था व संस्कृति को सम्मान

मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार और सुरक्षित, व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था। तीर्थ पर्यटन में रिकॉर्ड वृद्धि।

### स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार आदर्श बना गोरखपुर

मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और PHC में आधुनिक सुविधाएँ। मातृ-शिशु मृत्यु दर में गिरावट, टीकाकरण अभियान सफल।

### निवेश और उद्योग बढ़े पूर्वांचल का उभरता औद्योगिक क्षेत्र

ग्रीनफील्ड पार्क, एमएसएमई क्लस्टर और नई औद्योगिक यूनिट्स। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर।

### 4-लेन सड़कें व नई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएँ कनेक्टिविटी का सुपर अपग्रेड

गोरखपुर-लखनऊ, गोरखपुर-वाराणसी और अन्य मार्गों का सुदृढ़ीकरण। यात्रा समय कम, व्यापार और उद्योग का विस्तार तेज।

### फर्टिलाइजर फैक्ट्री का पुनर्जीवन रोजगार और उत्पादन का नया युग

कई साल से बंद पड़ी उर्वरक फैक्ट्री फिर से शुरू की गई। हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिला, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल।




गोरखपुर एम्स